Website:www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष - 23 अंक-11 जगदलपुर, रविवार, 18 अक्टूबर 2020 पृष्ठ- 8, मूल्य-₹ 2.00 • जगदलपुर • रायपुर • बिलासपुर से प्रकाशित

सेल सेल सेल

देवांगन सेल

शहर की सबसे सस्ती दुकान

सीकेट हाउस रोड, कन्हैया बिकानेर के सामने

जगदलपुर मो. 9424275800, 7566006605

एक्टेस भूमि पेडनेकर बनी शाकाहारी ..

ब्रेकिंग न्यूज

कोरोना संक्रमितों का आकंड़ा 75 लाख के करीब पहुंचा

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 61, 871 नए मामले सामने आए हैं जबकि 1033 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही देश में कोरोना से कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 75 लाख के करीब हो गई है। एक दिन पहले 24 घंटों में कुल 62,212 नए मामले सामने आए थे जबकि 837 लोगों की मौत हुई थी. ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 72 हजार 614 लोग इस महामारी से ठीक हुए हैं। यानी नए संक्रमितों की संख्या से ज्यादा ठीक हुए मरीजों की संख्या है। यह एक अच्छा संकेत है। देश में अब कुल संक्रमितों की संख्या 74 लाख 94 हजार, 551 हो गई है. इनमें 7 लाख 83 हजार 311 ही एक्टिव मरीज हैं। अब तक कुल 65 लाख 97 हजार 209 लोग इस महामारी को मात दे चुके हैं और स्वस्थ हो चुके हैं।

प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर गृहमंत्री

रायपुर 18 अक्टूबर (हाईवे चैनल) छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से निवास पर प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक बाद राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर है अपराधों पर नियंत्रण लगाने के लिए तेजी से कार्रवाई की जा रही है पुलिस जितनी निर्भयता के साथ कार्य कर सकती है इतनी निर्भयता से कार्य कर रही है उनका कहना था कि राज्य में नक्सल घटनाओं में काफी कमी आई है नक्सली सरेंडर करने लगे हैं और धीरे धीरे नक्सलियों की भी संख्या घटती जा रही है जो यह बताता है कि राज्य सरकार प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था को लेकर किस संजीदगी से काम कर रही है। मीडिया से चर्चा करते हुए गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि भाजपा को संवैधानिक संकट कहां से लग रहा है यह कहना मुश्किल है क्योंकि राज्यपाल और सरकार के बीच कोई टकराव की स्थिति नहीं है राज्यपाल मे संवैधानिक तंत्र दिखता है सरकार ने कभी भी राज्यपाल को अवहेलना की बात न की है ना किसी प्रकार के कार्रवाई में यह बात दिखलाई पड़ी है।

बलिया गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बलिया,18 अक्टूबर (एजेंसी)। बलिया गोलीकांड का मुख्य आरोपी धीरेंद्र सिंह गिरफ्तार हो गया है। यूपी एसटीएफ ने लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क से धीरेंद्र सिंह डब्ल्यू को रविवार सुबह गिरफ्तार किया है। बता दें कि धीरेंद्र घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। धीरेंद्र सिंह ने विडियो जारी कर अपनी सफाई दी थी।

शांति व सद्भावना में भरोसा करती है तृणमूल कांग्रेस:ब्रायन

कोलकाता, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में कानून-व्यवस्था पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणियों को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें पहले भाजपा शासित उत्तर प्रदेश को देखना चाहिए, जहां कानून का शासन समाप्त हो गया है। तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने बंगाल में विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं की हत्या के संबंध में शाह के बयान पर कहा, राजनीतिक हत्याएं ऐसा विषय है, जिसके बारे में वह अच्छे से जानते हैं। तृणमूल के प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा, पहली बात यह है कि अमित शाह जी के स्वास्थ्य को लेकर कई प्रकार की अटकलें लग रही हैं। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। जहां तक राजनीतिक हत्याओं पर उनके विचारों की बात है, तो मृतक संख्या बढ़ाने के लिए भाजपा अब टीबी या कैंसर से हुई मौत को भी 'राजनीतिक हत्या' बताने की कोशिश कर रही है।

हमारी एक इंच जमीन भी नहीं ले सकता चीन:शाह

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। लद्दाख में चीन के साथ जारी गतिरोध के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहा कि मोदी सरकार देश की एक-एक इंच जमीन को बचाने के लिए पूरी तरह सजग है और कोई इस पर कब्जा नहीं कर सकता। शाह ने यह भी कहा कि सरकार चीन में लद्दाख के साथ गतिरोध को सुलझाने के लिए हरसंभव सैन्य और कूटनीतिक कदम उठा रही है। क्या चीन ने भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया है, इस प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि हम अपने एक-एक इंच भूभाग को लेकर चौकन्ने हैं, कोई इस पर कब्जा नहीं कर सकता। हमारे रक्षा बल और नेतृत्व देश की संप्रभुता और सीमा की रक्षा करने में सक्षम हैं। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के संदर्भ में शाह ने विश्वास जताया कि राजग दो-तिहाई बहुमत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार चुनाव के बाद राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

गृह मंत्री ने कहा कि अगले साल पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बदलेगी और भाजपा वहां सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि हम पश्चिम बंगाल में मजबूती से लड़ेंगे और सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर है और भाजपा जैसे राजनीतिक दलों को वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करने का हर अधिकार है।

जम्मू-कश्मीर में कानून बदला, बनेगी लोकल सरकार, अभी नहीं विधानसभा चुनाव के आसार

श्रीनगर, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से अब तक विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट नहीं हुई है। इस बीच केंद्र सरकार ने पिछले एक साल में नजरबंद किए गए सभी नेताओं को भी एक-एक कर रिहा कर दिया। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के बाहर आने के बाद फारूक अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा वापस दिलाने के लिए उनसे समझौता किया है। हालांकि, केंद्र सरकार इन स्थानीय पार्टियों को कोई मौका देने के मूड में नहीं है। इसी सिलसिले में शनिवार को मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर पंचायती राज कानून, 1989 में संशोधन किया। इसके जरिए केंद्र जम्मू-कश्मीर में जिला विकास परिषद के फॉर्मूले को खड़ा करना चाहता है, जिसके सदस्य सीधे तौर पर मतदाताओं द्वारा ही चुने जाएंगे।

केंद्र ने जो संशोधन किया है, अब उसके तहत हर जिला 14 चुनाव क्षेत्रों में बांट दिया जाएगा, जिनमें मतदान कराए जाएंगे। इन चुनावों में जीतने वाले आपस में चर्चा कर के परिषद का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनेंगे। बताया गया है कि यह परिषद जिला विकास बोर्ड की जगह लेगा, जिसका नेतृत्व जम्मू-कश्मीर के राज्य रहने के दौरान कोई कैबिनेट मंत्री या राज्य मंत्री करता था। तब इसके सदस्य भी विधायक, विधानपरिषद के सदस्य या सांसद होते थे। किसी भी जिले में जिला विकास परिषद के सदस्य 14 चुनाव क्षेत्रों से चुनकर आएंगे। यह व्यवस्था हर जिले में लागू होगी। इस परिषद का अधिकार क्षेत्र नगरपालिकाओं को छोड़कर पूरे जिले में होगा।

हैदराबाद में भारी बारिश ने बढ़ाई मुसीबत, कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। मूसलाधार बारिश से हैदराबाद के बड़े हिस्से में बाढ़ आ गई और कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई और हजारों करोड़ का नुकसान हुआ है। शहर के कई इलाकों में शनिवार शाम भारी बारिश हुई, जिससे ट्रैफिक जाम और जल जमाव की स्थिति पैदा हो गई। शहर में 150 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई, मंगलवार को 190 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में सड़कों पर 2 फुट से अधिक पानी देखा गया।

ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के सतर्कता एवं आपदा प्रबंधन के निदेशक विश्वजीत कंपाटी ने एक ट्वीट में कहा कि डिजास्टर रिस्पांस फोर्स लगातार जल-जमाव को साफ करने के लिए काम कर रही है।

हैदराबाद के मौसम कार्यालय ने कहा कि शहर के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जबकि एक या दो स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है।

सिलेण्डर फटने से 9 लोग झुलसे

कानपुर 18 अक्टूबर (एजेंसी)। डेरापुर थाना क्षेत्र के सरगांव खुर्द में सुबह अचानक तेज धमाके से दशहत फैल गई। यहां एक किसान के मकान में सिलेंडर फटने से कमरा ध्वस्त हो गया और आग की चपेट में आकर घर के नौ लोग झुलस गए। पुलिस ने दमकल की मदद से आग बुझाने के बाद झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

इस्लामिक बैंकिंग घोटाले में आइजी समेत 28 पर चार्जशीट

बेंगलुरु, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। इस्लामिक नियमों के हिसाब से निवेश करने का झांसा देकर किए गए 4,000 करोड़ रुपये के आइ-मोनेटरी एडवाइजरी बैंकिंग घोटाले में सीबीआइ ने 28 आरोपितों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। आरोपितों में आइजी हेमंत निंबालकर और एसपी अजय हिलोरी जैसे वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी भी शामिल हैं।

सीबीआइ का आरोप है कि कर्नाटक सरकार के राजस्व अधिकारियों के साथ इन अधिकारियों ने आइएमए के खिलाफ प्राप्त सूचनाओं और शिकायतों पर अपनी पृष्ठताछ और जांच-पड़ताल बंद कर दी थी। बताते चलें कि कंपनी के नाम में आइ परिभाषित नहीं है, लेकिन इसका आशय इस्लामिक माना जाता है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बेंगलुरु की एक विशेष अदालत में दायर आरोप पत्र में सीबीआइ ने आइएमए के प्रबंध निदेशक मुहम्मद मंसूर खान और बेंगलुरु नॉर्थ सब डिवीजन के तत्कालीन सहायक आयुक्त एलसी नागराज सहित अन्य को भी आरोपित बनाया है।

दिल्ली में फिर लागू होगा ऑड-ईवन

नई दिल्ली,18 अक्टूबर (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में ठंड शुरू होते ही एक बार फिर बढ़ते प्रदूषण की आहट आ रही है। पराली की वजह से पैदा हुए पीएम 2.5 के स्तर में इस सीजन में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस प्रदूषक में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। पड़ोसी राज्यों में 882 जगहों पर पराली जलाने की घटनाओं की पहचान की गई तो वहीं गुरुवार को यह संख्या 583 थी। पंजाब और हरियाणा की तरफ से आने वाली हवाएं अपने साथ बड़ी मात्रा में प्रदूषण ला रही हैं। हवा की गति कम होने की वजह से यह दिल्ली शहर के ऊपर आकर ठहर जाता है।

चीन ने भारतीय सीमा के पास दागीं मिसाइलें, रॉकेट की बारिश से थर्राए पहाड़

पेइचिंग, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास जारी सीमा विवाद चीन के साथ कई दौर की बातचीत के बाद भी खत्म होने का नाम ले रहा है। इस बीच चीनी सेना ने मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के लिए भारतीय सीमा से सटकर जोरदार युद्धाभ्यास किया है। चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स का दावा है कि लाइव फायर एक्सरसाइज में 90 फीसदी नए हथियारों का इस्तेमाल किया गया।

मीडिया ने कहा कि यह अभ्यास 4700 मीटर की ऊंचाई पर पीएलए के तिब्बत थिएटर कमांड की ओर से किया गया।

ग्लोबल टाइम्स ने इस अभ्यास का एक वीडियो भी जारी किया है। इस विडियो में नजर आ रहा है कि चीनी सेना अंधेरे में हमला बोलती है और ड्रोन विमानों की मदद से हमला बोलती है। विडियो में नजर आ रहे हैं कि चीनी सेना की रॉकेट फोर्स एक साथ जोरदार हमले करके एक पूरे पहाड़ी इलाके को तबाह कर देती है। यहां नहीं चीनी सेना ने गाइडेड मिसाइल के हमले का भी अभ्यास किया।

सेना के खर्च में भारी कटौती की तैयारी

नई दिल्ली,18 अक्टूबर (एजेंसी)। भारतीय सेना में खर्च में भारी कटौती करने और संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल करने के लिए कुछ प्रस्ताव पेश किए गए हैं। इसमें समारोहों, मेस और कैंटीन के खर्च में कटौती करने का प्रस्ताव है। सेना दिवस और प्रादेशिक सेना दिवस में ब्रास बैंड, अधिकारियों की पर्सनल मेस, सीएसडी कैंटीन में कटौती का प्रस्ताव दिया गया है। इन प्रस्तावों में सैन्य अधिकारियों के लगजरी इंतजाम में कट की बात कही गई है। मुताबिक यह प्रस्ताव कमांड हेडक्वार्टर और निदेशकों को भेजे जा चुके हैं। आंतरिक समीक्षा रिपोर्ट में ये



प्रस्ताव दिए गए हैं जिसका शीर्षक है, ऑप्टिमाइजेशन ऑफ मैनपावर ऐंड रिसोर्सेज: रिव्यू ऑफ प्रैक्टिसेज ऐंड फैसिलिटीज इन इंडियन आर्मी। अखबार के मुताबिक इन प्रस्तावों में सेना दिवस और प्रादेशिक सेना दिवस समारोह को बंद करने की भी बात कही गई है। सेना अपने कुछ खर्च में कटौती की तैयारी कर रही है।

यूपी के गोंडा में मंदिर के पुजारी ने खुद पर चलवाई थी गोली

लखनऊ, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। यूपी के गोंडा में राम जानकी मंदिर के पुजारी ने अपने दुश्मन को फंसाने के लिए एक प्रोफेशनल शूटर से अपने ऊपर गोली चलवाई थी। इसमें मंदिर का महंत भी शामिल था। महंत को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और अस्पताल में भर्ती पुजारी ठीक होते ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गोंडा में 11 अक्टूबर को इटियाथोक इलाके के राम जानकी मंदिर के पुजारी सम्राट दास को रात दो बजे मंदिर में गोली मार दी गई थी। घायल पुजारी को फौरन लखनऊ की किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में इलाज के लिए भर्ती करा दिया गया था।

पुजारी सम्राट दास और मंदिर के महंत सीताराम दास ने हमले के लिए एक प्रोफेशनल शूटर को सुपारी दी थी. दोनों ने सुपारी किलर को बता दिया था कि उसे पुजारी सम्राट दास पर ऐसे गोली चलानी है कि गोली सिर्फ उन्हें छूकर निकल जाए। वे गलती से भी मरने न पाएं। प्रोफेशनल सुपारी किलर ने ऐसा ही किया. पुजारी सम्राट दास को ऐसे गोली मारी कि वे सिर्फ जख्मी हुए. घायल पुजारी सम्राट दास और उनके बॉस महंत सीताराम दास ने पुजारी को गोली मारने लिए एक दबंग अमर सिंह को ज़िम्मेदार ठहराया था। उनका आरोप था कि राम जानकी मंदिर के पास करीब 150 बीघा कीमती जमीन है. अमर सिंह उस जमीन पर कब्ज़ा करना चाहता है। उससे जमीन पर कब्जे को लेकर पहले भी केस चल रहा है। गोली से घायल पुजारी और मंदिर के महंत की शिकायत पर अमर सिंह और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर अमर सिंह के दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन अमर सिंह पकड़ में नहीं आया।



जब जिले के एसपी शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने केस को हल कर प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो उन्होंने बताया कि पुजारी सम्राट दास पर गोली खुद सम्राट दास और उनके बॉस महंत सीता राम दास ने चलवाई थी। उनका मकसद अपने दुश्मन अमर सिंह पर पुजारी की हत्या के प्रयास का केस लगवाकर उसे जेल भिजवाना था।

मांगें न मानीं तो 1 नवंबर को चक्का जाम: बैंसला

भरतपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। राजस्थान के भरतपुर, गुर्जर नेता किरोड़ी सिंह बैंसला के नेतृत्व में राजस्थान के भरतपुर में एक महापंचायत बुलाई गई, जिसमें गुर्जर नेताओं ने अपना शक्ति प्रदर्शन करते हुए सरकार को चेतावनी दिया है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो गुर्जर समुदाय 1 नवंबर को पूरे प्रदेश में चक्का जाम कर देगा।

गुर्जरों की मांग है कि बैकलॉग भर्ती में 35000 पद गुर्जर समुदाय के लोगों को दी जाए। इसके अलावा आंदोलन में शहीद हुए लोगों की विधवाओं को सरकारी नौकरी दी जाए। गुर्जर आरक्षण को केंद्र में लागू कराने के लिए उसे 9वीं सूची में डलवाने की मांग भी गुर्जर नेताओं ने सरकार से की है। पिछले समय में हुए सभी गुर्जर आंदोलनों में दर्ज किए गए सभी पुलिस मुकदमों को वापस लेने की मांग भी की गई।

गुर्जरों कि इस महापंचायत में करीब ढाई हजार लोग इकट्ठा हुए थे, जबकि गुर्जर नेताओं को उम्मीद थी कि इस महापंचायत में 20 हजार लोग जमा होंगे।